**प्रसार भारती**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**17.01.2026/प्रादेशिक समाचार/15:00बजे**

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने केंद्रीय वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल से नई दिल्ली में भेंट कर सेब उत्पादन के पीक सीज़न के दौरान सेब आयात पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है। उन्होंने सेब पर आयात शुल्क को बढ़ाकर सौ प्रतिशत करने का भी आग्रह किया ताकि विदेशी सेब के आयात से राज्य के बागवानों को हानि न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में लगभग अढ़ाई लाख किसान सेब उत्पादन से जुड़े हैं और सालाना लगभग 4 हजार 5 सौ करोड़ रुपये की आय होती है। उन्होंने प्रदेश के बागवानों के हितों की रक्षा के लिए केंद्र सरकार से हस्तक्षेप का आग्रह किया। सुखविंद्र सिंह ने कहा कि पिछले सप्ताह प्रदेश के बागवानों ने उनके समक्ष अपनी समस्याएं रखी थी जिन्हें उन्होंने केंद्र सरकार के समक्ष उठाया। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री को सेब पर आयात शुल्क कम किए जाने से बागवानों को हो रही हानि के बारे में भी अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में सेब आयात में लगभग अढ़ाई गुणा वृद्धि हुई है और मुक्त व्यापार समझौतों के कारण इसमें और वृद्धि हो सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न मुक्त व्यापार समझौतों से न केवल सेब सीज़न के दौरान बागवान प्रभावित होगें, बल्कि राज्य में कोल्ड स्टोरेज में रखे सेबों की कीमतों और ऑफ–सीज़न कारोबार पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा।

-----------------------------------------------------

## भारतीय सेना

भारतीय सेना अपना 78वाँ सेना दिवस मना रही है और इसी कड़ी में अलग अलग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत आज शिमला में आर्मी ट्रेनिंग कमांड द्वारा ऐट होम का आयोजन किया गया जिसमें राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए 21वीं सदी की उभरती सुरक्षा चुनौतियों के लिए भारतीय सेना की तैयारियों पर प्रकाश डाला। राज्यपाल ने कहा कि सेना की बदौलत आज देशवासी सुरक्षित हैं और सेना की महानता को कोई चुनौती नहीं दे सकता।

समारोह को संबोधित करते हुए आर्मी ट्रेनिंग कमांड शिमला के जनरल ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ लेफ्टिनेंट जनरल देवेंद्र शर्मा ने कहा कि सेना दिवस कोई परेड या उत्सव मात्र नहीं, बल्कि उन वीरों को नमन करने का दिन है जिन्होंने राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया।

-----------------------------------------------------

## अनुराग–मांग

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने केंद्रीय कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान से हिमाचल में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र में सड़कों के निर्माण की मांग की है। नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्री से भेंट के दौरान अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि अच्छी सड़कें किसी भी क्षेत्र का आधार होती है और इसके दृष्टिगत केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वर्ष 2024–25 से 2028–29 की अवधि के लिए पी.एम.जी.एस.वाई चरण– 4 को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि इसका उदेश्य वर्ष 2011 की जनसंख्या के मानदंडो के आधार पर अभी तक सड़क सुविधा से वंचित 25 हजार ऐसी ग्रामीण बस्तियों को हर मौसम में सड़क सम्पर्क प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि इस योजना का लाभ हिमाचल को भी मिलना चाहिए।

---------------------------------------------------------

## दुर्घटना

मंडी ज़िले के सरकाघाट उपमंडल में हवाणी गांव के पास आज सुबह गोभड़ता–निली मार्ग पर एचआरटीसी की बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से करीब 18 लोग घायल हुए हैं। घायलों का उपचार सरकाघाट अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दुर्घटना कारणों की जांच शुरू कर दी है।

---------------------------------------------------------

## एम.एस.एम.ई.

केंद्र सरकार के सूक्ष्म लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय ने ऊना जिला के हरोली विधानसभा क्षेत्र के पंडोगा व सोलन के परवाणु औद्योगिक क्षेत्रों में एम.एसएमई तकनीकी केंद्र स्थापित करने को मंजूरी प्रदान की है।

---------------------------------------------------------